
## एक नजर में

### व्याख्यान, पुस्तक विमोचन आज

**इंदौर.** रविवार को पुणे के श्री शिवाजी रायगढ़ स्मारक मंडल और अर्चना प्रकाशन भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर में समर्थ भारत की आधारशिला हिंदवी स्वराज विषय पर व्याख्यान का आयोजन कर रहा है. व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते रहेंगे. मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रहे विस्पुते का इंदौर में ये पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है. इस अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव गिरीश जोशी की लिखी पुस्तक 'अनादि समर' विमोचन भी किया जाएगा. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, देवी अहिल्या बाई होलकर खासगी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमंत यशवंत राजे होलकर (तृतीय) होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर के प्रतिष्ठित आयकर सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता और सत्यसांई विद्या विहार स्कूल समूह के राष्ट्रीय समन्वयक त्रिभुवन सचदेवा करेंगे. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पुणे से विक्रम सिंह मोहिते आ रहे हैं, जो शिवाजी महाराज के सर सेनापति हम्बीर राव मोहिते के वंशज हैं. देवी अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह के कार्याध्यक्ष उदय सिंह राजे होलकर भी मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल होंगे. उल्लेखनीय है कि इस दौरान श्री शिवाजी रायगढ़ स्मारक मंडल, पुणे के सचिव सुधीर थोरात विशेष रूप से मंडल के कामों और पुणे में बनाए थीम पार्क 'शिव सृष्टि' की जानकारी प्रेजेंटेशन के द्वारा देंगे. कार्यक्रम रविवार शाम 4.30 बजे ढक्कनवाला कुआं के सामने स्थित, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सभागृह में होगा.

### खाटू श्याम भक्तों का फाग महोत्सव आज



**इंदौर.** श्री श्याम मंडल द्वारा एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ पर 22 फरवरी को श्री श्याम फाग महोत्सव का दिव्य आयोजन होगा जिसमें कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी अपने भजनों की गंगा बहाएँगे. आयोजन में शहर के सभी प्रमुख श्याम भक्त मंडल भागीदार बनेंगे. गिरधर महल के संचालक प्रद्युम्न सिंघल प्रमुख यजमान मनोनीत किए गए हैं. इस मौके पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाकर पावन ज्योत, 56 भोग, इत्र वर्षा, फूलों के श्रृंगार के साथ ही ढप चंग का धमाल भी होगा. संगठन के प्रमुख दिनेश शर्मा बालाजी, मनोज चितलांगिया एवं गौरीशंकर शर्मा ने बताया कि कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी बनवारी और उनकी टीम के साथी रविवार 22 फरवरी को शाम 6.15 बजे से इस फाग महोत्सव में अपने रंगबिरंगे फाग भजनों की फुहारें बिखेरकर शहरभर के श्याम भक्तों को अपने रंग में रंगेंगे. इस बार पहली बार फाग महोत्सव का वृहद आयोजन एमआर 10 रोड स्थित दिव्य शक्ति पीठ परिसर पर किया जा रहा है. मंडल के आशीष शर्मा, कृष्ण कन्हैया इंदौरिया, विक्की शर्मा एवं रवि भौमिया के अनुसार इस मौके पर खेड़ीघाट बडवाह के महानिर्वाणी अखाड़ा पंचायती के महामंडलेश्वर स्वामी श्याम चैतन्य पुरी के सानिध्य में श्याम बाबा का दरबार सजाकर पावन ज्योत, 56 भोग, इत्र वर्षा, फूलों के श्रृंगार के साथ ही ढप चंग का धमाल भी आयोजित होगा. मंडल के प्रमुख जयप्रकाश इंदौरिया ने बताया कि भजन संध्या में प्रवेश निशुल्क रहेगा लेकिन बैठक व्यवस्था पहले आएं पहले पाएं के आधार पर ही संभव होगी।

### 'सबके राम' आयोजन के लिए भूमि पूजन आज


**इंदौर.** दशहरा मैदान पर पिछले चार वर्षों की तरह इस वर्ष भी 19 मार्च से 27 मार्च तक श्रीराम जन्मोत्सव एवं मेले का दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसका भूमि 22 फरवरी को सुबह 10.30 बजे विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में होगा. इस बार वृन्दावन के विश्व प्रसिद्ध प्रेम मंदिर की प्रतिकृति भी इस महोत्सव में आम नागरिकों के दर्शनार्थ प्रदर्शित की जाएगी. लोक कल्याण समिति के प्रमुख संयोजक महेंद्र सिंह चौहान एवं सचिव श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि इस दिव्य महोत्सव का मुख्य प्रयोजन यही है कि जिस तरह हम 10 दिवसीय गणेशोत्सव और 9 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव मनाते हैं, उसी तरह घर-घर में पूरे उल्लास के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव भी मनाया जाए। दशहरा मैदान पर इस महोत्सव एवं मेले की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। रविवार, 22 फरवरी को सुबह 10 बजे भूमि पूजन के तुरंत बाद यहां मंदिर की प्रतिकृति की संरचना, महायज्ञ एवं प्रतिदिन संध्या को रंगारंग गीत- संगीत, नृत्य के साथ सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आम नागरिकों को जोड़ने के लिए वार्ड स्तर पर घर-घर पीले चावल देकर आमंत्रण दिए जाएंगे.

### आईएसए क्रिकेट लीग का शुभारंभ



**इंदौर.** इंदौर सॉफ्टवेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित आईएसए क्रिकेट लीग का आयोजन यशवंत क्लब में किया जा रहा है. लीग के पहले दिन रोमांचक मुकाबलों का आयोजन हुआ, जिसमें सभी टीमों ने उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया, जिससे टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत हुई. पहले दिन के मुकाबलों में ग्रुप ए से आरणा सॉफ्टेक और कंट्रोल एफ5 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर- फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है. दोनों टीमों ने बेहतरीन तालमेल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया. लीग में भाग लेने वाली सभी टीमों ने अनुशासन, सहयोग और स्पोर्ट्समैन स्पिरिट का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया. आईएसए प्रबंधन के सचिन साबू और स्वप्निल बंसल ने बताया कि दूसरे नॉकआउट मुकाबले 22, 27 एवं 28 फरवरी को भी यशवंत क्लब में आयोजित किए जाएंगे. उन्होंने सभी टीमों और सहभागियों को उनके उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा आगे के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं.

### गूंजे देश भक्ति के तराने



**इंदौर.** म.प्र. क्षत्रिय मराठा मंडळ एवं छत्रपति शिवाजी प्रतिष्ठान द्वारा इंदौर में आयोजित चार दिवसीय सार्वजनिक छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह के अंतर्गत 20 फरवरी को छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था, रामबाग चौराहा इंदौर पर शाम 7.30 बजे संस्था गीत गैलेक्सी (म्यूजिकल इवेंट संगीत समूह) द्वारा प्रस्तुत देशभक्तिपूर्ण एवं सदाबहार गीतों की सुमधुर संगीत निशा का आयोजन किया गया, जिसमें गायक कलाकार जितेंद्र कदम, अजय कदम, अक्षत भवर, प्रशांत पाटिल, छाया भवर, प्रगति भागवत एवं श्रेया अनासुने ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम के अतिथिगण समाज सेवी प्रभाकर चौखंडे, अशोक आमनापुरकर एवं भास्करराव एरणकर थे. अतिथियों का स्वागत सर्वश्री मनोहर पवार एडवोकेट, बबन कदम, अशोक गायकवाड़, विनोद नागरे, रविन्द्र गट, सुरेश सुरोशी, डॉ. आशा गायकवाड, लता पवार, मनोरमा ठोम्बरे आदि ने किया. संचालन अमित आमनापुरकर ने किया. आभार लोकेश सरोशे ने माना.

### चौरसिया ने प्रियंका गांधी से की मुलाकात



**इंदौर.** अमित चौरसिया को असम की दिसपुर विधानसभा का प्रभार सौंपा गया.. चौरसिया ने कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की और विधान सभा चुनाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# स्वच्छता सर्वेक्षण का गाइडलाइन अनुसार कार्य शुरू करें

- निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- स्वच्छता सर्वेक्षण 26 को लेकर की बैठक



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर नगर निगम ने व्यापक स्तर पर रणनीति तैयार कर काम शुरु कर दिया है. इसके तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 26 की गाइड लाइन, शुद्ध पानी प्रदाय, नाला सफ़ाई, सौंदर्यीकरण, यातायात और लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण के साथ समय सीमा में कार्य किए जाएंगे. निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज सिटी बस ऑफिस में स्वच्छता सर्वेक्षण की नई गाइडलाइन को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन में स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी बिंदुओं का विस्तृत प्रेजेंटेशन किया गया. इसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, गार्बेज फ्री सिटी मानक, ओडीएफ प्लस प्लस की स्थिति, नागरिक सहभागिता, नवाचार एवं डिजिटल मॉनिटरिंग जैसे प्रमुख बिंदुओं की समीक्षा की गई. आयुक्त श्री सिंघल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने दायित्वों का बारीकी से निरीक्षण कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें. निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करे। बैठक में अपर आयुक्त प्रखर सिंह समस्त अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख, उपायुक्त, झोनल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

**स्वच्छ जल प्रदाय एवं नाला सफाई पर विशेष जोर:** बैठक में स्वच्छ जल प्रदाय व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पेयजल गुणवत्ता, नियमित परीक्षण, लीकेज नियंत्रण एवं जल वितरण की सतत निगरानी करने का कहा गया. साथ ही स्वच्छ नाला अभियान में नालों की नियमित सफाई, सिल्ट हटाने, आउटफॉल की जांच तथा जलभराव की स्थिति को रोकने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया. आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर में कहीं भी गंदे पानी का ठहराव न हो, इसका विशेष ध्यान रखें.

**सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता मापदंड:** शासन की गाइडलाइन अनुसार शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा की गई. दीवार लेखन, पेंटिंग, सार्वजनिक शौचालयों की स्वच्छता एवं रखरखाव, कचरा मुक्त सार्वजनिक स्थल आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई. आयुक्त ने निर्देश दिए कि नो रेड स्पॉट अभियान को पुन: गति दी जाए. शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए.

### यातायात प्रबंधन एवं लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण की समीक्षा

बैठक में यातायात प्रबंधन को भी स्वच्छ सर्वेक्षण से जोड़ते हुए समीक्षा की गई. आयुक्त सिंघल द्वारा प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात सुगम करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर की छवि हेतु सुचारू यातायात व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है.

### समयबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश

बैठक के अंत में आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ रोज मॉनिटरिंग की जाए. प्रत्येक बिंदु पर शत-प्रतिशत पालन करना तय करे. उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयासों, नवाचार एवं नागरिक सहयोग के माध्यम से शहर को पुन: स्वच्छता में अग्रणी स्थान दिलाने हेतु सभी अधिकारी जिमेददारी के साथ कार्य करें.

# सर्जरी के दौरान बेहोशी का ओवरडोज बना मौत की वजह?

- राजश्री नर्सिंग होम के दो डॉक्टरों पर आरोप तय
- 17 वर्षीय किशोर की सर्जरी के दौरान हुई थी मौत



**इंदौर.** सर्जरी के दौरान कथित चिकित्सकीय लापरवाही से 17 वर्षीय किशोर की मौत के मामले में कोर्ट ने दो डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का गंभीर आरोप तय कर दिया है. अपर सत्र न्यायाधीश आलोक मिश्रा की अदालत ने डॉ. कुश बंडी और डॉ. खुशबू चौहान के खिलाफ आरोप निर्धारित किए हैं.

दोनों आरोपियों ने आरोपमुक्त किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद आवेदन खारिज कर दिया, अब मामले में ट्रायल चलेगा. अभियोजन पक्ष ने ट्रायल कार्यक्रम पेश करने के लिए समय मांगा है, जिस पर अदालत ने 2 मार्च की तारीख नियत की है. मामला 29 मई 2023 का है, लसूड़िया थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए 17 वर्षीय अमित सेन को मार्तंड चौक, रामबाग स्थित राजश्री नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था. उसके बाएं पैर में गंभीर चोट थी, जिसके चलते उसकी सर्जरी की गई.

### सड़क हादसे में घायल होने पर की गई थी सर्जरी

आरोप है कि ऑपरेशन से पूर्व किशोर को बेहोशी की दवा दी गई, लेकिन ओवरडोज और अन्य चिकित्सकीय लापरवाही के चलते उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई. मृतक अपने पिता रिंकू सेन का इकलौता पुत्र था. जांच के दौरान पुलिस ने डॉ. कुश बंडी, डॉ. खुशबू चौहान के साथ नर्सिंग होम के डॉ. देवेंद्र भार्गव को भी आरोपी बनाया था और कोर्ट में चालान पेश किया था. हालांकि 24 फरवरी 2024 को डॉ. भार्गव के निधन के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई समाप्त कर दी गई. ज्ञात हो कि तत्कालीन कलेक्टर इलैया राजा टी के निर्देश पर गठित मेडिकल टीम की जांच में कई गंभीर लापरवाहियां सामने आई थीं. इसके बाद प्रशासन ने नर्सिंग होम को सील भी कर दिया था. अब दोनों आरोपित डॉक्टरों के खिलाफ अदालत में विधिवत सुनवाई होगी.

# मास्टर प्लान में आरक्षित जमीन के लिए डायवर्शन आदेश की जरूरत नहीं

**इंदौर.** आज प्रशासन की कार्यशैली को लेकर बड़े मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें मास्टर प्लान में जमीन उपयोग तय है, इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा डाइवर्शन आदेश दिए जा रहे है. मास्टर प्लान के आधार पर जमीन मालिक को जमीन उपयोग के अनुसार प्रीमियम शुल्क भरकर रसीद लेना है. उक्त मास्टर प्लान के आदेश को प्रशासनिक अधिकारी दबाकर बैठे है और उसके एवज में दलालों के माध्यम से जमीनों को लेकर डाइवर्शन अनुमति बना रहे है.

उक्त आदेश का मामला प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और अधिवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने उजागर किया है. मास्टर प्लान में जितनी भी जमीन शामिल की जाती है, उसमें निवेश क्षेत्र, कृषि, रहवासी, औद्योगिक, सड़क, व्यवसायिक सह आवास से लेकर हर तरह की जमीनों का आरक्षण किया जाता है. इसको लेकर प्रदेश शासन ने 2003,2008, 2013, 2018 और 2023 में आदेश जारी किए है कि मास्टर प्लान में उल्लेखित जमीनों पर डाइवर्शन शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त कर विकास किया जा सकता है. प्रमोद कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारी उक्त आदेश को दबाकर बैठे हैं. कॉलोनाइजर पर डाइवर्शन आदेश लेने का दबाव बनाया जाता है. साथ ही सभी एसडीएम और तहसीलदारों के यहां एवज प्रणाली सुचारी रूप से संचालित हो रही है। इस माध्यम से अधिकारी जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं. वास्तविकता में डाइवर्शन टैक्स भरकर रसीद लेना है, आदेश की आवश्यकता नहीं है. द्विवेदी ने बताया कि उक्त कार्य से वकीलों को दूर रखा गया है, क्योंकि वकील कानून के ज्ञाता होने से शासन की बात करने लगते है तो अधिकारियों पर लगाम लग जाएगी.

# होली पर यात्रियों को रेलवे की बड़ी राहत

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** होली के त्योहार पर ट्रेनों में बढ़ती भीड़ और लंबी प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) से जूझ रहे यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है. रेलवे प्रशासन ने इंदौर से पटना और इंदौर से हजरत निजामुद्दीन के बीच विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है. ये ट्रेनें सीमित अवधि के लिए संचालित होंगी, जिससे उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों को आरक्षित सीट (कन्फर्म बर्थ) मिलने की संभावना बढ़ेगी.

जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि डॉ. आंबेडकर नगर (महू) से पटना के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी. ट्रेन संख्या 09343/09344 के रूप में संचालित होने वाली यह सेवा 26 फरवरी से 26 मार्च तक चलेगी. महू से प्रस्थान- शाम 6 बजे, पटना आगमन- अगले दिन शाम 6.30 बजे, पटना से वापसी- प्रत्येक शुक्रवार रात 9.30 बजे, इंदौर आगमन- अगले दिन रात 11.55 बजे, इस सेवा से मध्यप्रदेश से बिहार जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. वहीं इंदौर से दिल्ली के लिए भी अतिरिक्त फेरे बढ़ाए गए हैं. 22 फरवरी से 27 मार्च तक इंदौर और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच विशेष ट्रेन चलाई जाएगी. जबकि ट्रेन संख्या 09309 (इंदौर से) प्रत्येक रविवार और शुक्रवार शाम 5 बजे प्रस्थान, अगले दिन सुबह 5 बजे दिल्ली आगमन होगा. वहीं ट्रेन संख्या 09310 (दिल्ली से) 23 फरवरी से प्रत्येक सोमवार और शनिवार सुबह 8.20 बजे प्रस्थान, रात 9 बजे इंदौर आगमन. जनसंपर्क अधिकारी ने यह भी बताया कि त्योहार के आसपास नियमित ट्रेनों में टिकटों की भारी किल्लत देखी जा रही थी. कई गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची सैकड़ों तक पहुंच चुकी थी. इसी दबाव को कम करने के लिए इन विशेष ट्रेनों को हरी झंडी दी गई है.




### यात्रियों को मिलेगी सहूलियत...

होली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने गृह नगर लौटते हैं. ऐसे में अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को राहत मिलेगी और अवैध दलालों पर भी अंकुश लगने की उम्मीद है. रेलवे प्रशासन ने जल्द ही विस्तृत समय-सारणी और ठहराव स्टेशनों की सूची जारी करने की बात कही है.

# वेद भारतीय सनातन संस्कृति के महत्वपूर्ण दस्तावेज

**इंदौर.** वेद हमारी भारतीय सनातन संस्कृति के महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं, जो नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़कर उन्हें एक शालीन और सुसंस्कृत नागरिक बनाने में सक्षम हैं. हमारे वेदों में इतना अथाह खजाना छुपा हुआ है कि हमारी कई पीढियां इस धरोहर को आत्मसात कर परिवार, समाज और राष्ट्र का नवनिर्माण कर पूरी दुनिया में सनातन धर्म की पताका फहरा सकती है.

ये विचार हैं संभाजी नगर महाराष्ट्र से आए वेदमूर्ति पं. गौरव जोशी एवं वेदमूर्ति पं. पुष्पक शुक्ला के, जो उन्होंने रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर श्री शुक्ल यजुर्वेदीय याज्ञवल्क्य संस्था इंदौर के तत्वावधान में फागुन शुक्ल पंचमी पर याज्ञवल्क्य जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित शुक्ल यजुर्वेद संहिता पारायण में शुभारंभ सत्र के दौरान व्यक्त किए. वेदमूर्ति द्वय ने यजुर्वेद की विभिन्न ऋचाओं का सस्वर एवं शास्त्रोक्त विधि से पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्मोहित बनाए रखा. प्रारंभ में संस्था की ओर से अध्यक्ष पं. उपेन्द्र जोशी, सचिव पं. तुषार जोशी गुरुजी एवं अन्य पदाधिकारियों ने विद्वान द्वय का स्वागत किया. वेद पाठ का यह दिव्य और अनूठा आयोजन रामबाग स्थित गणपति मंदिर पर 22 फरवरी को भी दोपहर 2 से सायं 6 बजे तक जारी रहेगा.




# माहेश्वरी कुटुम्ब का फाग महोत्सव 1 मार्च को

**इंदौर.** संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के तत्वावधान में 1 मार्च को वृन्दावन की अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त बृज राधा रमण टोली के 24 महिला-पुरुष कलाकार रिंग रोड स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर शाम 6 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक संध्या और फाग महोत्सव का अद्भुत और अनुपम आयोजन होगा. इस दौरान आधा दर्जन मिसाइलों से विभिन्न किस्म के सुगन्धित और रंगबिरंगे फूलों की वर्षा से सभी मेहमानों और समाज बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया जाएगा. संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब के अध्यक्ष शारदा-प्रकाश अजमेरा ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार फाग यात्रा का आयोजन किया जाता रहा है. इस बार समाज बंधुओं के आग्रह पर फाग भजनों एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का रंगारंग आयोजन करने का निर्णय लिया गया है जिसमें वृन्दावन की अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त बृज राधा रमण टोली के 24 कलाकार, जिनमें महिलाऐं भी शामिल हैं.

# पांच वर्षीय जियाना ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

**इंदौर.** शहर की नन्ही प्रतिभा जियाना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंदौर और मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया है. महज 5 वर्ष, 3 महीने और 11 दिन की आयु में जियाना ने फास्टेस्ट टू कम्प्लीट 5 ईजी लेवल 4×4 सुडोकू पजल्स (किड) श्रेणी में विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने 5 आसान स्तर की 4×4 सुडोकू पहेलियों को मात्र 28 सेकंड और 4 मिलीसेकंड में हल कर यह उपलब्धि हासिल की. इस रिकॉर्ड को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है.

जियाना के अभिभावकों ने बताया कि उन्हें बचपन से ही नंबर गेम्स और पजल्स में विशेष रुचि रही है. नियमित अभ्यास, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण ने उनकी क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. जियाना के पिता विनय कटारिया ने कहा हमें हमेशा से विश्वास था कि जियाना में कुछ अलग करने की क्षमता है. हमने उसे कभी दबाव में नहीं रखा, बल्कि खेल-खेल में सीखने का मौका दिया. माता एकता कटारिया ने कहा इतनी छोटी उम्र में उसे इस तरह एकाग्र होकर लक्ष्य पूरा करते देखना हमारे लिए अविस्मरणीय क्षण था. यह उसकी मेहनत और ईश्वर की कृपा का परिणाम है.






# महिला स्वास्थ्य जागरूकता के लिए वॉकेथान आज

**इंदौर.** महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए वॉकेथॉन- नारीथॉन का का आयोजन 22 फरवरी को सुबह 7 बजे मदरहुड हॉस्पिटल्स द्वारा किया जा रहा है. इसका उद्देश्य हर उम्र में महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता, प्रिवेंटिव केयर और चुस्त जीवन को बढ़ावा देना है. यह जानकारी हॉस्पिटल की फेसिलिटी डायरेक्टर पूनम डेहरिया ने दी. उन्होंने बताया कि मदरहुड हॉस्पिटल्स ने इंदौर में अपना दूसरा हॉस्पिटल राजीव गांधी चौक पर शुरू किया है. इसके उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है. इसमें कोई भी महिला पारंपरिक पोषाक में हिस्सा ले सकती है. यह वाकेथानॅ डेढ़ किमी की होगी. मदरहुड हॉस्पिटल्स के सीईओ विजयरत्ना वेंकटरमन, ने कहा मदरहुड के विकास के सफर में इंदौर का एक महत्वपूर्ण स्थान है. हमारे पहले हॉस्पिटल में यहाँ के लोगों ने पिछले सात सालों से जो भरोसा दिखाया है, उससे हमें यहाँ पर अपना दूसरा हॉस्पिटल खोलने की प्रेरणा मिली. हम महिलाओं को हर उम्र में बेहतरीन केयर उपलब्ध कराने तथा माताओं और बच्चों को सबसे बेहतर नतीजे प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इस मौके पर कंसल्टैंट गायनेकोलॉजिस्ट एवं ऑब्सटेट्रिशियन डॉ. प्रीति माहेश्वरी, डॉ. पूजा गुप्ता तथा कंसल्टैंट पीडियाट्रिशियन और नियो-नैटोलॉजिस्ट डॉ. सुनील पुरसवानी भी उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि इंदौर में युवा महिलाओं में पीसीओएस, फायब्रॉयड्स जैसी गायनेकोलॉजिकल समस्याएं और फर्टिलिटी की समस्या बढ़ रही है. इसलिए समय पर निदान, प्रिवेंटिव स्क्रीनिंग और मिनिमली इन्वेज़िव ट्रीटमेंट्स की उपलब्धता बढ़ाना जरूरी हो गया है. महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान हर उम्र में रखना चाहिए — छोटी उम्र से लेकर मां बनने तक और उसके बाद भी. हमारा मकसद है कि हर महिला अपनी सेहत को समझे और बिना झिझक उसका ख्याल रखे.

## एक नजर में

### गुमाश्ता नगर स्थित वेंकटेश देवस्थान में खूब छाई फ़ाग की मस्ती

# अरे जा रे हट नटखट... जैसे भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु

**इंदौर.** फागुन की मदमाती रात, भगवान बालाजी का अपूर्व श्रंगार और भोपूजी के फाग गीतों में डूबे हजारो की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु. यह दृश्य था गुमास्तानगर स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में फाग महोत्सव का. भोंपूजी के फ़ाग गीतों पर महिला-पुरूषों द्वारा किये गए नृत्य से पूरा परिसर ही झूम उठा। प्रभु के नयनाभिराम श्रृंगार के साथ भक्तों ने फूलों की पंखुरियाँ उड़ाकर भगवान के साथ फ़ाग का यह मनभावन उत्सव मनाया.

देवस्थान के ट्रस्टी पुरूषोत्तम पसारी ने बताया कि आज गुमास्ता नगर स्थित तिरूपति बालाजी मंदिर में फाग महोत्सव के आयोजन से पश्चिमी क्षेत्र का माहौल पूरी तरह फागुन की मस्ती में डूब गया. शाम ढलते ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित होने लग गए थे. रात को 8 बजे भोंपूजी ने ज्यों ही मंच संभाला तो श्रोता अभिभूत हो गए. बीच में बालाजी मित्र मंडल के कार्यकर्ता पुष्प पंखुरियो की वर्षा कर माहौल में फाग की मस्ती घोल रहे थे. भगवान बालाजी के नयनाभिराम श्रृंगार को निहारने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी. वहीं भगवान की उत्सव प्रतिमाओं की सजावट भी देखते ही बन रही थी. पूरा मंदिर परिसर हजारों की संख्या में उपस्थित फ़ाग रसिक श्रोताओ से खचाखच भरा था.



### बृज सा अहसास हुआ

पूरे माहौल से बृज सा अहसास हो रहा था. भोपूजी ने तुझ संग खेली होली राधा और रंग मत डालो रे सावरिया म्हारी सासुजी लड़े, अरे जा हट नटखट ना छोड़ मेरा घूंघट जैसे फ़ाग गीतों से श्रोताओं को फाग की मस्ती में डूबा दिया. ट्रस्टी लक्ष्मण पटवा, ओमप्रकाश पसारी, सूर्यप्रकाश झांवर, राजकुमार बाल्दी समूची व्यवस्थाओं को संभाले हुए थे.